The Speaker made reference to the passing away of H.H. Sheikh Nawaf al-Ahmad al-Sabah, the Amir of the State of Kuwait

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं सभा को कुवैत अमीर के निधन की सूचना देना चाहता हूं । हमें कुवैत के अमीर महामहिम शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के दु:खद निधन का संदेश प्राप्त हुआ है । शेख नवाफ का कुवैत के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान रहा है । उनके निधन से कुवैत ने एक महान राजनेता को खो दिया है । शेख नवाफ के नेतृत्व में कुवैत के साथ भारत के घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं । कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों को भी उनकी कमी हमेशा महसूस होगी । इस कठिन समय में यह सभा कुवैत के शासक परिवार, नेताओं और कुवैत के नागरिकों के साथ एकजुटता के साथ, संवेदना के साथ खड़ी है ।

अब सभा दिवंगत आत्मा की स्मृति में कुछ देर मौन रहेगी ।

<u>11.02 hrs</u>

The Members then stood in silence for a short while.

<u>11.03 hrs</u>